# <u>प्रेस नोट दिनाँक-06.06.2022</u>

**(1). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा गये 02 दिवसीय अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस ने 03 वाँछित व 30 वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार किया ।**

(i). प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ श्री भास्कर मिश्र के नेतृत्व में थाना मऊ पुलिस टीम टीम द्वारा 01 वाँछित व 04 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

(ii). प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप श्री दुर्गेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा 06 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

(iii). थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री अनिल कुमार के नेतृत्व में थाना मारकुण्डी पुलिस टीम द्वारा 06 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

(iv). प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्री अजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना पहाड़ी टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

(v). प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा श्री नागेन्द्र कुमार नागर के नेतृत्व में थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

(vi). प्रभारी निरीक्षक थाना बरगढ़ श्री शिवमूरत यादव के नेतृत्व में थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा 01 वाँछित व 04 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

(vii). थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री इन्द्रजीत गौतम के नेतृत्व में थाना बहिलपुरवा टीम द्वारा 02 वारण्टी गिरफ्तार किया गया ।

(viii). प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर श्री अवधेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना राजापुर पुलिस टीम द्वारा 05 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

(ix). प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी श्री राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कर्वी पुलिस टीम द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।

**(2).** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सरैया श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम गढ़चपा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त द्वारा श्रीमान जिलामजिस्ट्रैट महोदय के जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना मानिकपुर में धारा 10 यू0पी0 गुण्डा एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**<u>अभियुक्त धर्मेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का अपराधिक इतिहास-</u>**

(1). मु0अ0सं0 54/18 धारा 323/504/506/427 भादवि0

(2). मु0अ0सं0 57/18 धारा 504,506,427 भादवि0

(3). मु0अ0सं0 55/20 धारा 452,354 बी भादवि0

(4). मु0अ0सं0 03/21 धारा 03 यू0पी0 गुंडा एक्ट

(5). मु0अ0सं0 65/22 धारा 10 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी सरैया श्री प्रवीण कुमार सिंह

2. आरक्षी चन्द्रभूषण राय

**(3).** दिनाँक-05.06.2022 को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री शैलेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एसपी सोनकर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्री अजीत कुमार पांडेय मय पुलिस बल द्वारा कस्बा पहाड़ी में पैदल गस्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान महोदय द्वारा दुकानदारों से सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में बताया गया ।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारीगण महोदय के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों एवं शराब की दुकानों की चेकिंग की गयी। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

**(4).** दिनांक 05.06.2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री सुबोध गौतम द्वारा थानाध्यक्ष मारकुंडी श्री अनिल कुमार एवं पुलिस बल द्वारा थाना मारकुंडी में एवं प्रतिसार निरीक्षक श्री सुमेर सिंह एवं आरटीसी रिक्रूट आरक्षियों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया ।

**(5).** दिनांक 06.06.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान “मिशन शक्ति” के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने बाजार, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए ।

**(6).** आज दिनाँक-06.06.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक/चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के बैंकों में चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नही शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु निर्देश दिये गये । बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया ।

**(7).** आज दिनांक 06.06.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत SHO महिला थाना श्रीमती रीता सिंह एवं उनकी टीम तथा थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री अनिल कुमार मय टीम द्वारा थाना मारकुण्डी अन्तर्गत करौंहा ग्राम सचिवालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

**(8).** श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेश मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री गिरेन्द्र सिंह तथा उनकी टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद पर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 06.06.2022 को श्रीमती रोशनी तिवारी पत्नी सुनील तिवारी निवासी बाल्मीकि नगर पश्चिमी मानिकपुर चित्रकूट द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी गयी कि उनकी पुत्री कुमारी रुचि तिवारी उम्र 08 वर्ष गुम हो गयी है कहीं मिल नहीं रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 01 घंटे के अंदर ही रूचि तिवारी को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर व द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत झरी फाटक गेट के पास से सकुशल बरामद करते हुए उनकी मां रोशनी तिवारी के सुपुर्द किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री गिरेन्द्र सिंह
2. आरक्षी राजीव सिंह
3. आरक्षी पंकज सिंह परिहार